हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 08 अप्रैल 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुद्रा योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है।
- प्रधानमंत्री ने मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे होने योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। श्री मोदी ने कहा की योजना के तहत बिना किसी गारंटी के 33 करोड़ रूपये के ऋण उपलब्ध करवाए गए हैं।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर हिसार हवाई अड्डे पर प्रबंधों की समीक्षा की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि हिसार हवाई अड्डे के निर्माण से औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी, रोज़गार बढ़ेगा और निवेश आएगा।
- हरियाणा सरकार के नए बीज अधिनियम का किसानों ने समर्थन किया।

***********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि मुद्रा योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। उन्हें वित्तीय सहायता के साथ आगे बढ़ने का अवसर दिया है।प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह योजना उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए एक मौन क्रांति है।उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर

ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके।

********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे होने आज अपने निवास पर इस योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। श्री मोदी ने कहा-

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, उनमें आत्मविश्वास पैदा करना तथा रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है।
उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने असंख्य लोगों को अपने उद्यमिता कौशल दिखाने के अवसर उपलब्ध कराए हैं। इस योजना की 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना ने वित्तीय समावेश के साथ साथ सामाजिक समावेश और आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की है।बातचीत के दौरान, लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री से अपने अनुभव साझा किए। इस योजना के तहत देश भर में बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है।

*******

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर प्रबंधों की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को तैयारियों को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए।प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को इस हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का शिलान्यास तथा हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे।इस अवसर पर हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा विधायक श्रीमती सावित्री जिंदल, रणधीर पनिहार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ रहे।

********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि वर्तमान सरकार ने बिजली क्षेत्र में सुधार करते हुए लोगों को 24 घंटे बिजली देने का काम किया है। जबकि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मुख्यमंत्री और रणदीप सिंह सुरजेवाला के बिजली मंत्री रहते समय प्रदेश में बिजली व्यवस्था की हालत बदतर थी।वो आज हिसार में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

सरकार द्वारा बिजली बिलों  की दरों में किए गए बदलाव पर विपक्ष के बयानों पर प्रतिक्रिया देते उन्होंने कहा—

मुख्यमंत्री ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सिंह सुरजेवाला को चुनौती देते हुए कहा कि वे जनता के बीच में आकर तथ्यों के साथ बात करें।कॉंग्रेस सांसद जय प्रकाश द्वारा हिसार हवाई अड्डे को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा—

उन्होंने कहा कि हवाई अड्डा बनने से आसपास बड़ी औद्योगिक इकाईयां स्थापित होंगी, रोजगार बढ़ेगा और निवेश आएगा।उन्होंने कहा कि विपक्ष को सहन नहीं हो रहा कि राज्य सरकार इतने विकास के काम कैसे कर रही है वक्फ विधेयक पर कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयान के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ

संशोधन विधेयक  मुस्लिम समाज के साथ—साथ हर वर्ग के हित में है।मुख्यमंत्री ने अंबाला हवाई अड्डे के शुरू होने बारे एक सवाल के जवाब में कहा-

उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए "डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर" की स्थापना करने का निर्णय लिया है, जो अगले 20 वर्षों के विकास की रणनीति तैयार करेगा।

********

चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव राजीव वर्मा आज चंडीगढ़  के सेक्टर 11 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स के  66 वें  वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।मुख्य अतिथि द्वारा सत्र 2023-24 के दौरान 1050 से अधिक स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री पाने वाले छात्रों को डिग्रियाँ प्रदान की गई । इस अवसर पर कॉलेज के साथ-साथ पंजाब विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कॉलेज के 80 से अधिक छात्रों को भी सम्मानित किया गया। पंजाब विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 10 छात्रों को पदक से सम्मानित किया गया और 19 छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए रोल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा ने अपने संबोधन में स्नातकों और स्नातकोत्तरों को बधाई दी और उन्हें आशा, सफलता और सकारात्मक बदलाव से भरा भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

***********

हरियाणा सरकार के नए बीज अधिनियम का किसानों ने समर्थन किया है हालांकि खाद एवं बीज  विक्रेता इसका विरोध कर रहें है।

आज जींद में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डाक्टर वीरेंद्र लाठर ने बताया कि इस विधानसभा सत्र में पारित हुआ यह विधेयक

प्रदेश के किसानों के हित में है। अगर किसान को बेहतर गुणवत्ता का बीज मुहैया होगा तो उसकी फसल बेहतर होगी क्योंकि किसान को अक्सर हानि खराब अथवा नकली बीज के कारण ही होती है।श्री लाठर ने कहा कि ऐसा कानून पूरे देश में लागू होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दुकानों पर राज्य सरकार द्वारा अनुबंध बीजों की ही बिक्री होनी चाहिए और इसके अलावा दूसरे बीज बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए।

जिले के किसानों ने अपने विचार साझा करते हुए इस कानून का समर्थन किया और कहा कि नया कानून बनने से उन्हें कोई नकली बीज नहीं बेच पाएगा।

किसानों का कहना है कि खाद व बीज विक्रेता का विरोध सही नहीं है।